## चरित्रवान व्यक्ति में होता है आत्मविश्वास

**शिमला।** राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने संजौली कॉलेज के स्वयं सेवियों के लिए नेतृत्व विकास और चरित्र निर्माण विषय पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया। राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के प्रशिक्षण सहयोगी अभिनव ठाकुर ने छात्रों को चरित्र निर्माण और नेतृत्व विकास के टिप्स दिए। कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और डॉ. विकास नाथन की देखरेख में आयोजित इस वेबीनार में कॉलेज के सभी एनएसएस स्वयंसेवी जुड़े थे।


उन्होंने कहा कि चरित्रवान व्यक्ति में आत्मविश्वास हमेशा बना रहता है। वेबीनार में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास करवाने के लिए कोरोनाकॉल में महामारी से बचाव, टीकाकरण को लेकर आम लोगों को जागरूक करने का कार्य दिया था जिसे सही ढंग से पूरा किया गया। ब्यूरो


दैनिक भास्कर हिमाचल 10-06-2021

# सेमिनार में वक्ताओं ने कहा, खुद की खोज करना भी बेहद जरूरी


**शिमला** | सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज संजौली के स्वयं सेवियों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के द्वारा चरित्र निर्माण व नेतृत्व पर ऑनलाइन वेबिनार करवाया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि कैसे हम अपने भीतर एक अच्छे नेतृत्व की बहुत सारी अच्छी चीजों को डालकर एक बेहतरीन तरीके से आगे बढ़कर नेतृत्व करने में सफल हो सकते हैं। इस कोशिश में सबसे जरूरी हैं खुद की खोज करना। अगर खुद की शक्ति का ज्ञान हो गया तो इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा और डॉ विकास नाथन कहा कि सबसे जरूरी जीवन में सफल होने के साथ साथ एक अच्छा व्यक्ति बनना भी हैं।


नौकरी के लिए संघर्ष करना ही संघर्ष नहीं, बल्कि समाज सेवा और देश के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभाना भी एक संघर्ष हैं। इन दिनों युवा भटकता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि इस भटकाव को रोका जाए और अपनी अंदर की शक्ति को पहचाना जाए। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. सीबी मेहता, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के प्रशिक्षण सहयोगी अभिवन ठाकुर भी मौजूद रहे।


https://meet.google.com/jjr-xzra-aob
Bhawna Thakur
and 13 more
30
12:42 PM
You
You
Avinav Thakur
Archu Thakur
RICHA SWAIKA
Kanika
Minakshi Sharma
Dipansh Katoch
Priya Verma
NeGi PrErNa
Vandana thakur
Priyanka Sharma
VICTOROPEDIA U...
Kritikā Sharma
Manisha Thakur
Kartikey Sharma
Avantika Pamta
Meeting details
Turn on captions
Present now



https://meet.google.com/jjr-xzra-aob
Avinav Thakur is presenting
Yatinder Sharma and 34 more
11:56 AM
MYTHS - LEADERSHIP
• Leaders maintain stability
• Women cannot be a leader
• Famous/Popular people are good leaders
You
Avinav Thakur
Bhagat Singh Thakur
RICHA SWAIKA
Archu Thakur
Kanika
Meeting details
Turn on camera (ctrl + e)
Turn on captions
Avinav Thakur is presenting




अपील की गई है। यह कार्य मौसम के अनुकूल रहने पर ही किया जाएगा।

# ऑनलाइन वैबिनार का आयोजन

शिमला, 9 जून (ब्यूरो): संजौली महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा और डा. विकास नाथन ने एन.एस.एस. स्वयंसेवियों के लिए एक ऑनलाइन वैबिनार आयोजित किया। डा. मीनाक्षी शर्मा ने इस वैबिनार में सभी स्वयंसेवियों की प्रशंसा की व चरित्र निर्माण के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कालेज के प्रधानाचार्य डा. चंद्रभान मेहता मुख्यातिथि रहे। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों का मनोबल बढ़ाया, साथ ही उनके कार्यों को देखकर प्रशंसा की। इसके अलावा राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के प्रशिक्षण सहयोगी अविनव ठाकुर ने स्वयंसेवियों को चरित्र निर्माण व नेतृत्व से संबंधित बेहतरीन तथ्यों पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि कैसे हम अपने एक अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं।